# दैनिक नज़रिया ख़बर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052


वर्ष:17 | अंक: 335 | देहरादून, बुधवार 04 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




पेज-03

## न्यूज डायरी

### राज्यपाल ने किया 'देवभूमि संवाद' पत्रिका का विमोचन



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में "देवभूमि संवाद" पत्रिका का विमोचन किया। राजभवन उत्तराखण्ड की पत्रिका देवभूमि संवाद हर छह माह में प्रकाशित की जाती है तथा इसमें राज्यपाल की विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियाँ, कार्यक्रम, बैठकें, भाषण एवं अन्य औपचारिक कार्यकलापों का व्यापक संकलन किया जाता है। इस अंक का संपादन संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय द्वारा किया गया है, जबकि सह-संपादन में अर्जुन पटवाल और सहयोग में सूचना अधिकारी अजनेश राणा की प्रमुख भूमिका रही। विमोचन अवसर पर राज्यपाल ने "देवभूमि संवाद" के प्रकाशन को राजभवन की गतिविधियों के सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

### पत्रकारों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को जल्द लगेगा विशेष मेडिकल कैम्प

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पत्रकारों के लिए शीघ्र एक विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो हर परिस्थिति में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उनके स्वास्थ्य की देखभाल सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार एवं सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कैम्प में चिकित्सा विशेषज्ञों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

# शॉर्टकट कामयाबी को शॉर्ट करता: गडकरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ज्ञान के साथ विश्वसनीयता, ईमानदारी और सद्भावना का संयोग सफलता के रास्ते खोल देता है। श्री गडकरी ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के 12वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

गडकरी को ग्राफिक एरा ने नये हाईवे और वर्ल्ड क्लास एक्सप्रेस निर्माण, पर्यावरण अनुकूल परिवहन और यातायात में डिजीटल इनोवेशन के क्षेत्र में अमूल्य कार्यों के लिए डॉक्टर ऑफ साईंस की उपाधि से अलंकृत किया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां पाने वाले छात्र छात्राओं से सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शॉर्ट कट को न अपनाये, शॉर्ट कट कामयाबी को शॉर्ट कर देगा। जीवन में अनेक कठिनाइयों, असफलताओं और विरोधाभासों का सामना होगा, लेकिन इनसे विचलित होने के बजाय सबक लेना चाहिये। युवा देश का भविष्य हैं, उनमें इतनी क्षमताएं हैं कि जिस क्षेत्र में कार्य करेंगे, उसमें सफलता हासिल कर सकते हैं।

गडकरी ने कहा कि आज सिर्फ ज्ञान नहीं, बल्कि मूल्य आधारित ज्ञान आवश्यक है। ग्राफिक एरा केवल ज्ञान देने वाला विश्वविद्यालय नहीं है, बल्कि उन्हें वैल्यू से भी जोड़ता है। डॉ घनशाला की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वे बच्चों को ज्ञान देने के साथ ही अच्छा इंसान भी बना रहे हैं।उन्होंने कहा कि ये उपाधि दरअसल समाज के प्रति जिम्मेदारी है। जीवन में सफल होने के बाद में लोगों के प्रति संवेदनाएं कायम रखनी चाहियें और आदर्शों को जीवित रखना जरूरी है। भारत के युवा शोध, बड़ी उद्यमियता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। युवाओं में सामाजिक नेतृत्व का कौशल बढ़ रहा है। भूटान के पीएम के भाषण का उल्लेख करते हुए छात्र छात्राओं से डोमेस्टिक हैप्पी ह्यूमन इंडेक्स बढ़ाने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रस्ताव दें, तो देहरादून में हवा में चलने वाली डबल डेकर बस चलवा देंगे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों में ऐसी प्रतिभा होती है कि वे समस्याओं को अवसरों में बदल देते हैं। छात्रों को ऐसी ही राह पर चलना चाहिए। इसके विपरीत कुछ लोग ऐसे होते हैं जो अवसरों को समस्या बना देते हैं, ऐसे लोगों से बचना चाहिये। फाइनेंसियल ऑडिट होता है, परफोर्मेंस का भी ऑडिट होना चाहिए। जो परफोर्म नहीं करते उनकी छुट्टी कर देनी चाहिए। श्री गडकरी ने अपने जीवन का सबसे अच्छा काम रिक्शा चलाने वाले एक करोड लोगों और कंधों से रिक्शा खींचने वाले 50 लाख लोगों को इस कष्टदायी मजदूरी से निजात दिलाने को अपने जीवन का सबसे बड़ा काम बताया। मैकेनाइज्ड ई-रिक्शा के जरिये उन्होंने डेढ करोड लोगों को रोजी सलामत रखते हुए इससे छुटकारा दिलाया है। उन्होंने युवाओं से कहा कि केवल खुद को खुशी देने वाली सफलता, वास्तविक सफलता नहीं होती। सफलता वह है जिससे दूसरों को भी खुशी मिले। इसके लिए टीम भावना से कार्य करना जरूरी है। मुख्य अतिथि श्री गडकरी ने राखी घनशाला, हेमानी सेमवाल, सविता नेगी, वर्तिका अग्रवाल और अनिल रतूड़ी को पीएचडी की उपाधियों से अलंकृत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्र छात्राओं से विकसित भारत बनाने में योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा कि ये केवल डिग्री नहीं है, उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में बहुत कार्य किये जा रहे हैं। देहरादून में साईंस सिटी, अल्मोड़ा में साईंस सेंटर और हल्द्वानी में एस्ट्रो पार्क बनाये जा रहे हैं। युवाओं में इंटरप्रिन्योरशिप विकसित करने के लिए ये कदम उठाये गये हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

### देहरादून में हवा में डबल डेकर बस चलाने की पेशकश, ग्राफिक एरा का 12वां दीक्षांत समारोह

शेष खबर पेज आठ पर देखें

# उत्तरांचल प्रेस क्लब ने पूर्व अध्यक्ष विकास धूलिया को दी श्रद्धांजलि

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तरांचल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के असामयिक निधन पर पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। सोमवार सुबह उनका अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें महंत इन्द्रेश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे मात्र 52 वर्ष के थे।

मूल रूप से कोटद्वार निवासी विकास धूलिया पिछले तीन दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे और अपने मृदुभाषी स्वभाव, निर्भीक लेखनी तथा कुशल नेतृत्व क्षमता के लिए विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन से मीडिया जगत ने एक सच्चे प्रहरी को खो दिया है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री और वृद्ध माता को शोकाकुल अवस्था में छोड़ गए हैं।



श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकार।

दिवंगत पत्रकार की स्मृति में उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कण्डारी की अध्यक्षता में किया गया। सभा में क्लब के सदस्यों व वरिष्ठ पत्रकारों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए स्व. धूलिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कण्डारी ने कहा विकास धूलिया की लेखनी समाज की आवाज थी। वे हमेशा सच के पक्ष में खड़े रहते थे और जनहित से जुड़े मुद्दों को निर्भीकता से उठाते थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि दिवंगत पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए क्लब की ओर से हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### बस और कार की टक्कर में छह लोग घायल

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर मंगलवार दोपहर देवप्रयाग के पास बस और कार की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में 6 लोगों के घायल हो गए। जानकारी के अनुसार टैक्सी कार को रुद्रप्रयाग निवासी भजनलाल पुत्र पंचमूला चला रहा था। बताया जा रहा है कि कार चालक अचानक गलत दिशा में वाहन मोड़ बैठा, जिससे यह दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैक्सी कार एकदम से रॉन्ग साइड में आ गई, जिससे सामने से आ रही बस से सीधी भिड़ंत हो गई।

आर्टिगा टैक्सी में चालक समेत कुल छह लोग सवार थे, जो इस टक्कर में घायल हो गए। घायलों में दो यात्रियों को फ्रैक्चर हुआ है, जबकि बाकी को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल पुलिस की मदद से देवप्रयाग स्थित अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। घायलों की पहचान दिल्ली निवासी दो अलग-अलग परिवारों के सदस्यों के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड घूमने आए हुए थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को क्रेन की सहायता से सड़क किनारे हटवा दिया, जिससे यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका।

04 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 9:09 AM Page 2



# संपादकीय

## नीतीश सरकार पर किस बात को लेकर भड़के राहुल

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नीतीश की डबल इंजन सरकार न तो बिहार को सुरक्षा दे पाई, न सम्मान और न ही विकास। अपराध, बेरोजगारी और पलायन यही नीतीश–भाजपा सरकार की असली पहचान बन चुकी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने वाले एक डॉक्टर की बेरहमी से पिटाई की कथित घटना को लेकर बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की और कहा कि अपराध, बेरोजगारी और पलायन राज्य की सत्तारूढ़ सरकार की असली पहचान बन गए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी कहा कि बिहार में जेडी(यू)–बीजेपी सरकार सत्ता की राजनीति का प्रतीक बन गई है और अन्याय के इस चक्र को तोड़ने और राज्य को सुरक्षा, स्वाभिमान और गरिमा के रास्ते पर आगे ले जाने का समय आ गया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नीतीश जी की डबल इंजन सरकार न तो बिहार को सुरक्षा दे पाई, न सम्मान और न ही विकास। अपराध, बेरोजगारी और पलायन द् यही नीतीश–ठश्रच सरकार की असली पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता को लाचार बनाकर सत्ता से चिपके रहना ही इनका एजेंडा है। नीतीश सरकार 'न्याय' नहीं, सिर्फ 'सत्ता' की राजनीति का प्रतीक बन चुकी है। अब बहुत हुआ। समय आ गया है कि हम अन्याय के इस चक्र को तोड़ें और बिहार को सुरक्षा, स्वाभिमान और सम्मान की राह पर आगे ले चलें।उनकी टिप्पणी बिहार कांग्रेस द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर आई, जिसमें डॉ. जितेंद्र यादव को दिखाया गया था, जो कथित तौर पर गया में एक बलात्कार पीड़िता के घर गए थे। बिहार कांग्रेस एक्स पर लिखा था कि बिहार में कुशासन राज का 'ट्रवल इंजनश् बेकाबू हो गया है। गया में बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने उसके घर पहुंचे डॉक्टर जितेंद्र यादव को दुष्कर्म के आरोपियों ने घर से घसीटकर बाहर निकाला और पेड़ से बांधकर जमकर पीटा।

# आत्मा के भू-वैज्ञानिक



– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारी धरती के अंदर बहुत सारे खज़ाने हैं। इसमें सोना, चाँदी और हीरे आदि हैं लेकिन अगर हम यह नहीं जानते कि किस जगह खुदाई करनी है तब हमें वहां केवल गंदगी, चट्टाने और कीचड़ ही मिलेगा। हम सब इस बाहरी दुनिया में खज़ाने की तलाश कर रहे हैं। भौतिक संपत्ति, नाम, प्रसिद्धि या दुनिया की अन्य उपलब्धियों में हम इसे ढूंढ रहे हैं। इस प्रकार हम, हमेशा अपना ध्यान बाहर की दुनिया में ही लगाए रखते हैं। संत–महापुरुष या आध्यात्मिक सत्गुरु आत्मा के भू–वैज्ञानिक हैं। वे हमें समझाते हैं कि बाहर के खजाने तो अस्थायी हैं और एक न एक दिन उन सबका नाश हो जाएगा। असली खजाने वही हैं जो हमारे भीतर हैं।

संत–महापुरुष देखते हैं कि हमारे अंतर में प्रभु की ज्योति चमक रही है किंतु मन–माया के दाग–धब्बों की गंदगी ने हमारी आत्मा की असलियत को ढका हुआ है जैसे कि खदान में गंदगी सोने को ढक देती है। संत–महापुरुष उन सभी जिज्ञासुओं को जो प्रभु को पाना चाहते हैं, ध्यान–अभ्यास करना सिखाते हैं। वे हमें दर्शाते हैं कि ध्यान–अभ्यास कैसे हमारे जीवन में बदलाव लाकर हमें खूबसूरत बना सकता है। वे हमारे अंतर में छिपी हमारी आत्मा की सुंदरता को देखते हैं। हम अवगुणों से भरे हुए हैं जो हमारी आत्मा को मैल की परत से ढक देते हैं। ये कमियाँ या बुराईयाँ हमारे विचारों के कारण उत्पन्न होती हैं जो हमारी आत्मा पर काबू कर लेती हैं।

हमारी आत्मा परिपूर्ण और सुंदर है किंतु यह तन और मन में जकड़ी हुई है। हमारा शरीर और मन बाहरी दुनिया के आकर्षणों से लगातार विचलित होते रहते हैं। इनमें से प्रत्येक प्रलोभन हमें गलतियाँ करने के लिए प्रेरित करता है। जब हम स्वयं को शरीर समझते हैं और विचारों से घिरे रहते हैं, तब हम इन कमियों और खामियों के शिकार हो जाते हैं। ध्यान–अभ्यास के ज़रिये हम यह समझ पाते हैं कि हमारा असली रूप, हमारी आत्मा है, जोकि सुंदर है। ध्यान–अभ्यास हमारे अंदर की सुंदरता को बाहर लाने का कार्य करता है। संत–सत्गुरु आध्यात्मिक भू–वैज्ञानिक होने के नाते हमारी आत्मा पर पड़ी मैल को हटाकर हमारे अंतर्मुख विद्यमान सोने को उजाकर कर देते हैं।

आत्म निरीक्षण :– हमें रोज़ाना स्वयं का आत्म–निरीक्षण करना चाहिए। इसके ज़रिये हमें अपनी सुंदर आत्मा पर पड़े अवगुणों की गंदगी का पता चलता है। जिससे कि हम स्वयं में अहिंसा, सबके प्रति प्रेम और निस्वार्थ भाव जैसे गुणों का विकास कर पाते हैं। हर बार जब हम अपने अवगुणों पर काबू पाकर और पवित्र होते जाते हैं तो हमारे अंतर में विद्यमान सोना चमक उठता है। निष्काम सेवा :– हमें निष्काम सेवा करने का अवसर दिया जाता है। जब हम निस्वार्थ भाव से किसी की सेवा करते हैं और अपने लिए किसी पुरस्कार की चाह नहीं रखते, ऐसी अवस्था में हम स्वयं में ईश्वरीय गुणों का विकास कर रहे होते हैं। हम प्रभु के बच्चों की मदद करके प्रभु की खुशी पाते हैं। जब हम सेवा करते हैं, तब हमारा ध्यान प्रभु पर केन्द्रित होता है, इससे हमारी आत्मा को उभार मिलता है। निष्काम सेवा करने से हमें ध्यान–अभ्यास में भी तरक्की मिलती है।

# आतंकवादी संगठनों की टेरर फंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत निश्चित है



## भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया- आईएमएफ, एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडल के बाद अब 25 जून की एफएटीएफमीटिंग पर लाबिंग

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आतंकवाद के दंश से पीड़ित है, दुनियाँ के करीब–करीब हर देश में किसी रूप या भेष में आतंकवाद सर उठाए खड़ा है जो उसे देश की उन्नति प्रगति व विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है,चूँकि कि हर देश की प्राथमिकता अपने देश में लॉ एंड ऑर्डर कायम रखकर अपने देश के नागरिकों का जीवन भय मुक्त बनानाहै,इसीलिए हर देश को आतंकवाद समाप्त करने में योगदान देना जरूरी है।

भारत भी उन पीड़ित देशों में से एक है, लेकिन अब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा जनजागरण अभियान छेड़ दिया है, व घोषणा कर दी है कि आतंकवाद व उनके आकाओं में अब हम फर्क नहीं समझेंगे,पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत द्वारा पाक को ऋण पर आपतित दर्ज कराई, फिर 7 प्रतिनिधिमंडल जिसमें 59 से अधिक सदस्य हैं, उनको पूरी दुनियाँ में आतंकवाद के खिलाफ जन जागरण करने भेजा है, अब भारत सरकार एशिया पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) के साथ 25 जून 2025 को 40 सदस्यों वाली एफएटीएफ की मीटिंग में पक्ष रखेगी कि कैसे उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता को टेरर फंडिंग में उपयोग करते हैं। चूँकि आतंकवादी संगठनों की टेरर फंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत होना निश्चित है, इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया आईएफएफ एपीजी ,7प्रतिनिधि मंडलों के बाद अब 25 जून 2025 को को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग पर लॉबीग करेगा। साथियों बात अगर हम टेरर फंडिंग रोकने आईएमएफ, 7 प्रतिनिधिमंडलों के बाद अब एपीजी व 25 जून 2025 को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग में लॉबिंग करने की करें तो,भारत ने हाल ही में कई देशोंमें एक कूटनीतिककोशिशें शुरू की हैं ताकि पाक की आतंकवाद की भूमिका को वैश्विक मंचों पर उजागर किया जा सके, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और बहरीन जैसे देशों में सात प्रतिनिधिमंडल सक्रिय रूप से वैश्विक नेताओं, थिंक टैंकों और नीति निर्धारक संस्थाओं से चर्चा कर रहे हैं, इन टीमों में विभिन्न राजनीतिक दलों और समुदायों के सदस्य शामिल हैं, जो भारत का एक संयुक्त नजरिया दुनियाँ के सामने पेश कर रहे हैं,इस पहल का मकसद पाक को फिर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालना है। अक्टूबर 2022 में, एफएटीएफ ने चार सालों की निगरानी के बाद पाक को ग्रे लिस्ट से हटाया था, लेकिन भारत का दावा है कि पाक ने इस दौरान आतंकवाद के समर्थन में अपने कदमों में सुधार नहीं किया, भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे आईएमफ और विश्व बैंक से मांग कर रहा है कि वे पाकिस्तान द्वारा विदेशी सहायता के दुरुपयोग की जांच करें। साथियों बात अगर हम पाक को एफएटीएफ की होने वाली मीटिंग में लॉबिंग कर पाक को ग्रे लिस्ट में डलवाने की कवायत की करें तो, भारत ने पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डालने की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह कदम आतंकवादी वित्तपोषण पर लगाम लगाने और पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार,भारत सरकार ने एक विस्तृत डोजियर तैयार कर लिया है जिसमें पाकिस्तान के हालिया आतंकी फंडिंग ट्रेल, और जम्मू–कश्मीर में हुई घटनाओं से जुड़ा वित्तीय नेटवर्क उजागर किया गया है। ध्यान रहे कि भारतीय कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर सैन्य अभियान चला कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया था। उसके बाद से भारत इस मुददे पर पाकिस्तान को हर मोर्चे पर और हर स्तर पर घेर रहा है। एक प्रसिद्ध प्रिंट मीडिया के अनुसार यह डोजियर जून 2025 में होने वाली एफएटीएफ प्लेनरी मीटिंग में पेश किया जाएगा। भारत का दावा है कि पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से हटने के बाद जिन शर्तों का पालन करने का वादा किया था, उनका लगातार उल्लंघन किया है। पाकिस्तान को 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर निकाला गया था,सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी फंडिंग के आरोपों को उठाएगा ताकि उसे वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में वापस डाला जा सके। सूत्रों ने बताया कि भारत खास तौर पर उन कानूनी प्रावधानों का पालन न करने की ओर ध्यान दिलाएगा, जिनका पालन करने का वादा पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर आने पर किया था। सरकार इस पर विचार कर रही है। इसके अलावा, भारत जून में पाकिस्तान को विश्व बैंक की ओर से दी जाने वाली वित्तीय सहायता की समीक्षा पर भी आपत्ति जताएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एफएटीएफ में इस बात पर विचार कर रही है कि पड़ोसी देश को आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देने वाले वित्तीय प्रवाह पर अंकुश लगाया जाए। भारत को कश्मीर में अवैध धन प्रवाह कम करने में मदद मिली, पाकिस्तान को जून 2018 में 'ग्रे लिस्ट' में डाल दिया गया था, और अक्टूबर 2022 में इसे हटाए जाने तक "बढ़ी हुई निगरानी" का सामना करना पड़ा। इस सूची में होने से एफडीआई और पूंजी प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि व्यवसायों को अधिक परिश्रम करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों ने पहले कहा था कि इससे पाकिस्तान से भारत में, खासकर जम्मू–कश्मीर में अवैध धन प्रवाह को कम करने में मदद मिली है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया– आईएमएफ,एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडल के बाद अब 25 जून 2025 की एफएटीएफ मीटिंग पर लाबिंग आतंकवादी संगठनों की टेररफंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत निश्चित है।भारत का उद्देश्य आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को अंतरराष्ट्रीय स्तरपर उजागर कर टेरर फंडिंग को रोकना है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

04 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 9:09 AM Page 3



# राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण में राज्य वित्त संवर्ग के प्रशिक्षु अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखंड के सभागार में राज्य वित्त सेवा संवर्ग के प्रशिक्षु वित्त अधिकारियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान योजना व राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना क्रियान्वयन के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही योजना के वित्तीय पहलुओं पर भी रोशनी डाली गई।



कार्यशाला में प्रतिभाग करते प्रशिक्षु एफओ।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह हयांकी ने सभी प्रशिक्षुओं पूरे सेवाकाल में सकारात्मक सोच, अनुशासन, समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ मानवीय पक्ष को आगे रखते हुए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जन जीवन से जुड़ी आयुष्मान को जन कल्याण की सबसे अहम योजना बताया और योजना में आने वाली अड़चनों, चुनौतियों व उनके निस्तारण के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कहा कि आयुष्मान में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए तक की सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है। प्राधिकरण द्वारा अस्पतालों की समय समय पर मॉनटिरिंग की जाती है। राज्य कर्मचारियों व पेंशनर को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षुओं से उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव भी साझा किए। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक वित्त अभिषेक आनंद ने योजनाओं की कार्यप्रणाली, चिकित्सालयों में इंपैनलमेंट प्रक्रिया, उपचार, भुगतान की प्रक्रिया, पोर्टल निर्माण व अन्य गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ ही योजना की चुनौतियों, वित्तीय पक्ष की जटिलताओं व उनके समाधान की प्रक्रिया को प्रशिक्षुओं समक्ष रखा।

उन्होंने बताया कि एनएचए की गाइडलाइन के अनुरूप योजना में लगभग 1900 मेडिकल पैकेज शामिल किए गए हैं। आम जनता की सहायता के लिए सभी सूचीबद्ध चिकित्सालयों में आयुष्मान मित्र की तैनाती की गई है। अस्पतालों के दावों की जांच के लिए नेशनल एंटी फ्राड यूनिट व राज्य स्तर पर स्टेट एंटी फ्राड यूनिट कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षओं को योजना में पीपीडी (प्रीऑथराइजेशन प्रोसेसिंग डाक्टर), सीपीडी (क्लेम प्रोसेसिंग डाक्टर) के बारे में भी विस्तार से समझाया। आयुष्मान के साथ ही वय वंदना कार्ड, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के कैशलेस उपचार सुविधा के बारे में जानकारियां दी गई। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक प्रशासन डा विनोद टोलिया, अपर निदेशक प्रशासन निखिल त्यागी, पुनीत गुप्ता समेत प्रशिक्षु अधिकारी मयंक सक्सेना, आयुषी जोशी, राजीवकांत, सतीश चंद्र, ललित मोहन पांडे, आकाश रघुवंशी, दीपक जोशी आदि शामिल रहे।

## केदारनाथ हेली सेवा फर्जीवाड़ा, एसटीएफ ने मेटा को लिखी चिट्ठी

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर हो रही साइबर ठगी के खिलाफ एसटीएफ का लगातार अभियान जारी है। अभियान के तहत अब तक इस साल जनवरी से मई तक 136 फर्जी वेबसाइट, 117 मोबाइल नंबर, 61 बैंक खाते, और 35 व्हाट्सएप नंबर ब्लॉक या फ्रीज किए जा चुके हैं। साल 2023 में 64 फर्जी वेबसाइटों को ब्लॉक कराया गया था। साथ ही साल 2024 में 18 फर्जी वेबसाइटों, 45 फेसबुक पेज, 20 बैंक अकांउट को चिह्नित कर ब्लॉक किया गया है.

बता दें साइबर अपराधियों ने अब फेसबुक एड्स/पेज से ठगी करने के तरीके निकाले हैं. पहले अपराधी वेबसाइटों के माध्यम से ठगी करते थे, लेकिन एसटीएफ की सख्ती के बाद अब फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी पेज बनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। ये पेज एडवर्टाइजमेंट बूस्ट के जरिए अधिक से अधिक यूजर्स तक पहुंचते हैं।

## केदारनाथ हेली सेवा फर्जीवाड़ा, एसटीएफ ने मेटा को लिखी चिट्ठी, अभियान जारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर हो रही साइबर ठगी के खिलाफ एसटीएफ का लगातार अभियान जारी है। अभियान के तहत अब तक इस साल जनवरी से मई तक 136 फर्जी वेबसाइट, 117 मोबाइल नंबर, 61 बैंक खाते, और 35 व्हाट्सएप नंबर ब्लॉक या फ्रीज किए जा चुके हैं। साल 2023 में 64 फर्जी वेबसाइटों को ब्लॉक कराया गया था। साथ ही साल 2024 में 18 फर्जी वेबसाइटों, 45 फेसबुक पेज, 20 बैंक अकांउट को चिह्नित कर ब्लॉक किया गया है।

बता दें साइबर अपराधियों ने अब फेसबुक एड्स/पेज से ठगी करने के तरीके निकाले हैं। पहले अपराधी वेबसाइटों के माध्यम से ठगी करते थे, लेकिन एसटीएफ की सख्ती के बाद अब फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी पेज बनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं।

ये पेज एडवर्टाइजमेंट बूस्ट के जरिए अधिक से अधिक यूजर्स तक पहुंचते हैं। उन्हें फर्जी बुकिंग लिंक्स पर ले जाते हैं। एसटीएफ की टीम फर्जी वेबसाइट्स, बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और सोशल मीडिया पेजों को ट्रैक कर समय पर कार्रवाई कर रही है। गूगल की तरह अब मेटा पर डिजिटल नियंत्रण की पहल की जा रही है। इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिए कुछ तकनीकी समाधान के कार्यान्वयन के संबंध में मेटा कंपनी को पत्र लिखा गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से सभी पोलिंग बूथों पर होगा वृहद पौधरोपण अभियान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से 05 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से जुलाई माह में हरेला पर्व के अंत तक सभी पोलिंग बूथों पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी 1882 पोलिंग बूथों पर पर्यावरण संरक्षण के साथ निर्वाचन में भागीदारी का संदेश दिया जाएगा।




जिलाधिकारी बैठक लेते हुए।

पोलिंग बूथों पर वृहद स्तर पर पौधारोपण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त एसडीएम, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विभाग एवं कार्यालयध्यक्षों को अपने क्षेत्रान्तर्गत पोलिंग बूथों पर पौधा रोपण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पौधारोपण कार्यक्रम का रोस्टर तैयार करने और इसका प्रचार प्रसार करने को भी कहा है। उत्तराखंड मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड की विशेष पहल पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को मिशन मोड में लेते हुए प्रत्येक बूथ में कम से कम 10–10 पौधे लगाए जाए। प्रत्येक बूथ में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उस बूथ के के 30 प्रतिशत नए मतदाता, 30 प्रतिशत बुजुर्ग, 30 प्रतिशत महिला और 10 प्रतिशत अन्य मतदाताओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। कार्यक्रम में वन, उद्यान, ग्राम पंचायत, ग्राम्य विकास, उच्च एवं विद्यालयी शिक्षा, शहरी विकास सहित अन्य अनिवार्य विभाग और क्षेत्र में कार्य करने वाले एनजीओ को भी शामिल किया जाए।

## पूरे राज्य में जबरखेत मॉडल आधारित बड़े इको टूरिज्म डेस्टिनेशन डेवलप करें: मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में डेवलपमेंट ऑफ इको टूरिज्म की राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एच. पी. सी.) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग तथा संबंधित अधिकारियों के साथ इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव ने वन विभाग को निर्देशित किया कि पूरे राज्य में जबरखेत मॉडल आधारित बड़े इको टूरिज्म डेस्टिनेशन डेवलप करें। इको टूरिज्म का एक बहुत बड़ा डेस्टिनेशन



**यूनिक और प्रभावी सर्विस, वन गेटवे तथा बेहतर मार्केटिंग के जरिए बढ़ाएं इको टूरिज्म**

हो जिसके चारों ओर छोटे–छोटे डिस्टेंस पर फॉरेस्ट टूरिज्म से संबंधित छोटे–छोटे फॉरेस्ट टूरिस्ट स्टेशन हो। जहां पर इको टूरिज्म से संबंधित विविध प्रकार की एक्टिविटी (फॉरेस्ट ट्रैकिंग, बर्ड वाचिंग, वाइल्डलाइफ सफारी, हेरिटेज ट्रेल, इको कैंपिंग, नेचर एडवेंचर, नेचर गार्डन इत्यादि) मौजूद हो। इसको एक पूरे पैकेज की भांति डेवलप करें।

इस बात का भी होमवर्क करें कि इसका बेहतर संचालन कैसे संभव हो अर्थात डेस्टिनेशन के डेवलपमेंट से लेकर, उसकी मार्केटिंग और उसका प्रभावी संचालन कैसे हो इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि शुरुआती चरण में 20 से 25 ऐसे इको टूरिज्म डेस्टिनेशन डेवलप करें जिनको डेवलप करना आसान हो और जहां पर डेवलप होने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हो। उन्होंने निर्देशित किया कि इस बात की भी संभावनाएं तलाशें कि जो डेस्टिनेशन पहले से ही मौजूद हैं अथवा जिनको विकसित किया जा रहा है उनमें और अधिक वैल्यू एडिंग क्या की जा सकती है ताकि उसको और अधिक आकर्षक बनाया जा सके। बड़े और छोटे दोनों तरह के डेस्टिनेशन डेवलप करें। उन्होंने कहा कि नंदा देवी पिक जो की 80 के दशक से बंद है वहां पर किस प्रकार से पुनः इको टूरिज्म की संभावना है तलाशी जा सकती हैं इसकी भी स्टडी करें। मुख्य सचिव ने वन विभाग को निर्देशित किया कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों (वन एवं वन्य जीवों) का संरक्षण करते हुए स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दें। इस दौरान बैठक में सचिव वन सी रवि शंकर, पीसीसीएफ धनंजय मोहन, मुख्य वन संरक्षक राहुल, अपर सचिव पर्यटन डॉ पूजा गर्ब्याल, अपर सचिव वन विनीत कुमार, सीसीएफ इको टूरिज्म पी के पात्रों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

04 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 9:09 AM Page 4



# मलिन बस्तिवासियों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया नगर निगम का घेराव, किया प्रदर्शन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दून की मलिन बस्तियों में अतिक्रमण के नाम पर नगर निगम, देहरादून द्वारा वहां के निवासियों को दिये गये ध्वस्तीकरण के नोटिसों को शीघ्र निरस्त किये किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेसजनों व बस्तीवासियों ने नगर निगम पर जोरदार नारेबाजी के बीच प्रदर्शन करते हुए नगर निगम का घेराव किया और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

मंगलवार को पूर्व विधायक एवं मलिन बस्ती सुधार समिति के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेसजन एवं मलिन बस्तीवासी बड़ी संख्या में नगर निगम में इकटठा हुए और वहां पर जोरदार नारेबाजी के बीच प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नमामि बंसल को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि दून की मलिन बस्तियों में अतिक्रमण के नाम पर नगर निगम, देहरादून द्वारा कई मलिन बस्तियों को नोटिस दिये गये है, जिसमें उनसे 2016 से पूर्व के समस्त कागजात जमा करने को कहा गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जबकि यह लोग तीस से चालीस वर्षों से नदी रिस्पना, एवं बिन्दाल नदी पर अपने कच्चे मकान बना कर परिवार सहित निवास कर रहे हैं और इन सभी मलिन बस्ती वासियों ने अपनी मेहनत, खून, पसीने की कमाई से अपने छोटे–छोटे मकान बना रखे हैं। रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि जबकि नदी रिस्पना व बिन्दाल में कई सरकारी भवन जैसे विधान सभा, पुलिस कॉलोनी व अन्य कई विभागों के भवन निर्मित है, और कई जगह सरकारी भूमि पर प्रभावशाली लोगों ने नदी नालों की जगह पर अतिक्रमण कर रखा है। ज्ञापन में कहा गया कि उन विभागों व अन्य प्रभावशाली लोगों को कभी भी किसी विभाग द्वारा कोई नोटिस नहीं दिया गया है. सिर्फ गरीब व निर्धन लोगों को नोटिस देकर भयभीत किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि आज सभी मलिन बस्ती में निवास करने वाले लोग डरे हुए है कि कभी भी उनके आवासीय भवनों को तोड़ दिया जायेगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सभी मलिन बस्ती वासियों के पास पानी, बिजली, आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र, गैस के कागज, बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, जीवन बीमा, बैंक खाता तथा सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज है। ज्ञापन में कहा गया कि इन सभी मलिन बस्ती में पार्षद निधि, विधायक निधि, सांसद निधि, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, मसूरी विकास प्राधिकरण, विद्युत विभागों द्वारा निर्माण कार्य कराये गये है तथा इन सभी विभागों ने इन्हें सीवर, पानी, बिजली के कनैक्शन दिये गये है तथा नगर निगम द्वारा भवन कर भी लगा रखा है।

## नौ करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शूगर मिला का डायरेक्टर गिरफ्तार

**देहरादून।** नौ करोड की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने इकबालपुर शुगर मिल के डायरेक्टर को गिरफ़्तार किया है। इकबालपुर शुगर मिल के डायरेक्टर की गिरफ्तारी के बाद से ही अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि शुगर मिल के मालिक समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी होनी बाकी है। इसी साल चार फरवरी को हर्ष शर्मा पुत्र सम्राट शर्मा निवासी ग्राम हल्लू माजरा थाना भगवानपुर ने झबरेड़ा थाना पुलिस को तहरीर दी थी। हर्ष शर्मा का आरोप था कि इकबालपुर शुगर मिल के मालिक और कर्मचारियों ने शुगर मिल की जमीन के फर्जी एग्रीमेंट के नाम पर 9 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़ित ने आरोपियों पर मारपीट का आरोप भी लगाया है। मुकदमे में नामजद रमजान पुत्र अल्लादीन निवासी ग्राम उरदहां थाना रामकोला जिला कुशीनगर यूपी हाल निवासी शुगर मिल कॉलोनी इकबालपुर थाना झबरेड़ा को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज हरिद्वार शाखा के उत्कृष्ट वेद ने जेईई एडवांस्ड में हासिल किया एआईआर 806

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देश की अग्रणी टेस्ट प्रिपरेशन सर्विसेज कंपनी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ घोषणा की है कि हरिद्वार शाखा के 11 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। यह परीक्षा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है।

परीक्षा के परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए। इस शानदार प्रदर्शन से छात्रों की लगन, अथक मेहनत और एईएसएल के विशेषज्ञ फैकल्टी तथा समग्र पाठ्यक्रम द्वारा प्रदान किए गए मजबूत अकादमिक समर्थन की झलक मिलती है। हरिद्वार शाखा के उल्लेखनीय प्रदर्शनकर्ताओं में उत्कृष्ट वेद (एआईआर 806), हर्ष गुप्ता (एआईआर 3414), पार्थ चौहान (एआईआर 7122), अक्षत चौहान (एआईआर 7724), और शिवांश वर्मा (एआईआर 9538) शामिल हैं।

शाखा के अन्य शीर्ष सफल उम्मीदवारों में शिवांग गुप्ता, अनिकेत कुमार, ओजस अग्रवाल, आशीष पांडेय और चिन्मय गर्ग भी शामिल हैं।

ये छात्र एईएसएल के विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किए गए क्लासरूम प्रोग्राम के भाग थे। जेईई एडवांस्ड विश्व की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है, जो गहरी समझ और मजबूत समस्या–समाधान कौशल की मांग करता है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किए भगवान केदारनाथ के दर्शन

**केदारनाथ (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सपरिवार भगवान केदारनाथ के दर्शन किये। सोमवार सुबह सात बजे दिल्ली की मुख्यमंत्री केदारनाथ धाम पहुंची जहां हैलीपेड पर श्री बदरीनाथ दृ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) (तथा श्री केदार सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सहित आगंतुक अतिथियों तथा केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल का स्वागत किया। इसके पश्चात दिल्ली की मुख्यमंत्री श्री केदारनाथ मंदिर पहुंची तथा रूद्राभिषेक पूजा संपन्न कर देश प्रदेश एवं लोक मंगल की कामना की।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता केदारनाथ धाम में।

इसके पश्चात बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने मुख्यमंत्री को बाबा केदार का प्रसाद तथा रूद्राक्ष माला एवं विभूति भेंट की। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़ ने बताया कि इस अवसर परद्द दिल्ली की मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड सरकार तथा मंदिर समिति द्वारा की गयी यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की।

इस अवसर पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, पुजारी बागेश लिंग, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला,वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रमोद बगवाड़ी, प्रदीप सेमवाल, अरविंद सेमवाल, पारेश्वर त्रिवेदी कुलदीप धर्म्वाण सहित पुलिस– जिला प्रशासन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में एक शिकायत, निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उप जिलाधिकारी पोखरी अबरार अहमद की अध्यक्षता में हुई तहसील दिवस में मात्र एक शिकायत दर्ज की गई। जिसका मौके पर ही जल संस्थान को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।



तहसील दिवसो में शिकायते कम आने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। या तो समस्याओ का समाधान हो गया है, या नही हो रहा है। जिस वजह से फरियादी तहसील दिवसों में अपनी समस्या रखने नही आ रहे है। इससे प्रतीत होता है कि तहसील दिवसो का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है।इसका रिकार्ड तहसील में भी नही है। कि फरियादियों की दर्ज समस्याओ का संबंधित विभागो ने वास्तविक समाधान किया है, या नही इसका लेखा–जोखा कहां और किसके पास है। ग्राम पंचायत काण्डा निवासी दिगपाल सिंह ने शिकायत दर्ज की कि उनकी ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत जब से हर घर जल, हर घर जल स्कीम बनी, और पानी के कनेक्शन दिये गये हैं।तब से पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नही होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वे प्राकृतिक स्रोतों से पानी लाकर अपना गुजारा कर रहे हैं । लिहाजा ग्राम सभा काण्डा में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने की मांग की गयी। एसडीएम ने जल संस्थान के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं को गम्भीरता से लेकर उनका त्वरित निराकरण करें। इस बारे में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह विष्ट, तहसीलदार किशोर रौतेला, केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग नागनाथ रेज के वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर नेगी, ऊर्जा निगम के अवर अभियंता धीरेन्द्र भण्डारी,जल संस्थान के अवर अभियंता मनमोहन सिंह राणा, एस आई प्रशांत विष्ट, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संदीप पत, आशीष रावत, खाधान निरीक्षक पकज कुमार, पीएमजीएसवाई के अवर अभियंता विपिन, लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अंकित, सहित तमाम विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे ।

04 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 9:09 AM Page 5



# हल्द्वानी में एसपी सिटी ने किया पीस कमिटी की बैठक का आयोजन, पीस कमिटी को दिए दिशा-निर्देश

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी नैनीताल द्वारा आगामी त्योहार ईद के दृष्टिगत सभी अधीनस्थों को अपने अपने क्षेत्रों में स्थापित पीस कमेटी की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस आदेश के क्रम में दिनांक 03.06.2025 को प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी द्वारा कोतवाली हल्द्वानी मीटिंग हॉल में आगामी ईद पर्व के दृष्टिगत हल्द्वानी शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पीस कमिटी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी उपस्थित कमिटी सदस्यों को ईद पर्व की शुभकामनाएं दी गई। सभी से अपील की गई कि आपसी भाईचारे के साथ उत्सव मनाएं। सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखें। धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रभावी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अराजक तत्वों पर नकेल कसी जाएगी। धार्मिक अनुयायियों से अपील की गई कि जुम्मे की नमाज



**आगामी ईद के सकुशल आयोजन के लिए कमिटी के साथ की वार्ता**

मस्जिदों के अंदर ही पढ़ी जाए बाहर सड़क में नहीं। कोई भी व्यक्ति जानबूझकर किसी भी धर्म का अपमान नहीं करेगा यदि ऐसा करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी धार्मिक अनुयायियों और कमिटी सदस्यों से अपील की वे सभी धर्म का आदर करते हुए सम्मान से त्योहार मनाए और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। सभी से प्रशासन द्वारा निर्धारित कुर्बानी स्थलों में ही कुर्बानी करने की अपील की गई। कुर्बानी खुले में नही की जाय। सभी से इस दौरान वेस्ट डिस्पोजल करने और साफ सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा गया। धार्मिक आयोजनों के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा सभी प्लेटफार्म पर मॉनिटरिंग की जाएगी। सभी से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को प्रचारित प्रसारित न करें अन्यथा विधि पूर्वक सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जाएगा। सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में गश्त, पिकेट लगाएंगे तथा बाजारों में भीड़भाड़ के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल नियुक्त करेंगे। धार्मिक आयोजनों के दौरान आवश्यक सेवाद् बिजली, पानी आदि के संबंध में स्थानीय लोगों की समस्या से रूबरू होते हुए संबंधित कार्यदाई संस्था को पर्याप्त आपूर्ति का प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में 'नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, तहसीलदार हल्द्वानी,' राजेश कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, नीरज भाकुनी प्रभारी निरीक्षक थाना बनभूलपुरा , जल संस्थान विद्युत विभाग व नगर निगम के अधिकारी समेत व्यापार मंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के धार्मिक अनुयाई समेत अभिसूचना इकाई तथा थाना पुलिस बल उपस्थित रहे।

## वन विभाग ने 400 कुंतल रेता अवैध रूप से ला रहे हाइवा डंपर को पकड़ा

**लालकुआं।** तराई पूर्वी वन विभाग के गश्ती दल ने गौला नदी से 4 00 कुंतल रेता लेकर आ रहे हाइवा डंपर को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

वन क्षेत्राधिकारी गौला श्री चंदन सिंह अधिकारी के नेतृत्व में आज प्रातः लगभग 03रू45 बजे शहीद स्मारक लालकुआं के पास एक हाईवा डंफर आता दिखाई दिया, वाहन को जाँच के लिए रोकने पर वाहन चालक ने वाहन को आईटीबीपी वाली रोड की तरफ भगा दिया, पीछा करने पर लगभग एक किलोमीटर दूर वाहन को पकड़ने पर वाहन चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर अँधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, वाहन संख्या यूके06सीसी– 0869 की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 400 कुंतल रेता पाया गया, वाहन में उपखनिज निकासी से संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं मिला, उक्त वाहन को उड़नदस्ते ने अपनी अभिरक्षा में लेकर डौली रेंज परिसर लालकुआं में खड़ा करवा दिया।

# चमोली जिले में पोखरी विकासखंड के खन्नी गांव निवासी मोहित बने सेना में अधिकारी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पोखरी विकास खंड के खन्नी गांव के मोहित सिंह राणा कड़ी मेहनत के बाद सेना में अधिकारी बन गए है। मोहित की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

गढ़वाल राइफल्स की 14वीं बटालियन के राइफलमैन मोहित सिंह राणा ने प्रयागराज स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के अधिकारी कैडर में चयन प्राप्त किया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। पूर्व प्रयासों में मेरिट से बाहर होने के बावजूद उन्होंने निरंतर अपने लक्ष्य की ओर मेहनत जारी रखी और तीसरे प्रयास में सफलता अर्जित की। मोहित मूलतः चमोली जनपद में विकासखण्डवार पोखरी के खन्नी गांव निवासी हैं। मोहित 10वीं बटालियन के पूर्व सूबेदार चंद्र मोहन सिंह राणा के सुपुत्र हैं। वर्तमान में वे अपने माता–पिता के साथ देहरादून के नथुवाला क्षेत्र में निवासरत हैं। उनके ताऊ श्री रघुनाथ सिंह राणा पोखरी के बिनगढ़ स्थित जूनियर हाई स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मोहित अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, अपनी यूनिट के कमांडिंग अफसर कर्नल अमित कुमार डिमरी (शौर्य चक्र), 14वीं बटालियन गढ़वाल राइफल्स के समस्त सदस्यों एवं अपने मार्गदर्शक कमांडर विकास यादव सर नई दिल्ली) को देते हैं। वे अपने मामा श्री कुलदीप रावत जो कि नैनीसैंण स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं से भी प्रेरित रहे हैं और उन्होंने प्रत्येक चरण में उनका उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया।

# लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिंदुखत्ता क्षेत्र में विद्युत लो वोल्टेज से निजात दिलाने तथा जर्जर विद्युत पोलों एवं तारों को बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय में आकर एसडीओ विद्युत को ज्ञापन सौंपते हुए अभिलंब कार्रवाई की मांग की।

बिंदुखत्ता के इंदिरा नगर द्वितीय क्षेत्र से आए दर्जनों ग्रामीणों ने विद्युत उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बिंदुखत्ता क्षेत्र में लगे विद्युत पोलो एवं तारों की हालत अत्यधिक जर्जर हो चुकी है, ट्रांसफार्मरों में लोड अधिक होने के चलते लो वोल्टेज की समस्या अत्यधिक हो रही है, साथ ही इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बहुत अधिक बढ़ गया है, ग्रामीणों ने अभिलंब बिन्दुखत्ता क्षेत्र में नए विद्युत पोल एवं तार लगाते हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता



समस्या को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौपते बिंदुखत्ता के ग्रामीण।

बढ़ाने की जोरदार मांग की। इधर उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद ने कहा कि बिंदुखत्ता क्षेत्र में विद्युत लाइन, तार एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए एस्टीमेट की स्वीकृति मिल चुकी है,

इसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जल्द ही नई विद्युत लाइन डालकर समस्या का जड़ से समाधान कर दिया जाएगा। इस मौके पर महिला नेत्री सीमा रावत हरीश रावत, सुन्दर रजवार, गिरीश चंद्र जोशी, केडी शर्मा, रंजित मेहरा, सीमा रावत, तनू परिहार, दीपा रावत, पुष्पा रजवार, विनीता, ममता, हेमा, जानकी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# दुग्ध संघ ने चलाया चार दिवसीय जनजागरुकता अभियान, हुई 85,400 लीटर दूध की वृद्धि

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं द्वारा चार दिवसीय डोर–टू–डोर जनजागरुकता अभियान चलाया गया जोकि बरेली रोड और हल्द्वानी क्षेत्र में घर–घर जाकर चलाया गया, जिसका आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

उक्त अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त दुग्ध उत्पादों के महत्व और उनके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना था। अभियान का नेतृत्व दुग्ध संघ के सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा और अध्यक्ष मुकेश बोरा ने किया।



दुग्ध संघ के डोर टू डोर जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा।

अभियान के दौरान गठित 14 टीमों ने बरेली रोड और हल्द्वानी महानगर में करीब 8,000 परिवारों से संपर्क साधा। उन्होंने आंचल ब्रांड के दूध के विभिन्न प्रकार दृ जैसे स्टैंडर्ड दूध, आंचल शक्ति दूध और फुल क्रीम दूध दृ की गुणवत्ता और उपयुक्तता के बारे में उपभोक्ताओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान टीमों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं और उनकी आवश्यकताओं को भी समझने का प्रयास किया। जनजागरुकता अभियान का सीधा सकारात्मक प्रभाव दुग्ध विपणन पर पड़ा है। जहाँ पहले दुग्ध संघ का दैनिक दुग्ध विपणन 81,200 लीटर था, वहीं उपभोक्ताओं के सहयोग और टीमों की मेहनत से इसमें 85,400 लीटर की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इस उपलब्धि पर अध्यक्ष मुकेश बोरा ने उपभोक्ताओं और अभियान से जुड़ी सभी टीमों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार के प्रयासों से उपभोक्ताओं के बीच विश्वास और सहयोग को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दुग्ध दिवस के अवसर पर अध्यक्ष मुकेश बोरा ने इस अभियान की घोषणा की थी, जिसका आज 4 जून को समापन हुआ। अभियान के दौरान सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, प्रशासन विपणन प्रमुख संजय भाकुनी, प्रभारी उपार्जन सुभाष बाबू, सहायक प्रबंधक वित्त उमेश पठालनी, एचसी आर्या, विपिन तिवारी, रमेश सिंह मेहता, हेमंत पाल, कृपाल सिंह, शांति कोरंगा, गीता ओझा, खलील अहमद समेत भारी संख्या में कर्मचारी, और अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में 20 शिकायतें दर्ज, अधिकतर शिकायत का मौके पर ही किया गया निस्तारण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** थराली में मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस मे ए डी एम विवेक प्रकाश ने क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को तत्परता से समाधान के निर्देश दिये। ब्लॉक सभागार में आयोजित तहसील दिवस में कुल 20 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकतर शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

ए डी एम ने कहा कि तहसील दिवसों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है। जिससे स्थानीय लोगों को अनावश्यक मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांवों का भ्रमण कर जनता की समस्याएं स्थल पर ही सुने और विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण भी करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी विभागीय अधिकारी तहसील दिवस और ब्लॉक स्तरीय बैठकों में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। साथ ही निर्देश दिये कि तहसील दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाय।



तहसील दिवस में क्षेत्र के लोगों ने मोटर सड़क सुधारीकरण, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, सी एस सी थराली चिकित्सालय में डाक्टरों की कमी संबंधित अन्य शिकायतें दर्ज करायीं।

इस मौके पर पार्षद मोहन पंत ने 2023 मे आपदा के कारण थराली गांव, पेनगढ़, सूना, देवल ग्वाड़ गांव को जोड़ने वाले मोटर व झूला पुल जो बह गए थे उस पर अभी तक कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा अगर पांच दिन मे कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ तो क्षेत्र की सम्पूर्ण जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी, वही किशन सिंह दानू ने थराली –वाण मोटर मार्ग पर जगह जगह डेंजर जोन को सही करने की माँग की पार्षद दिवाकर नेगी ने सी एस सी थराली मे डाक्टरो की कमी पर अपनी शिकायत दर्ज की वही दिवाकर नेगी डूंगरी दीवान सिंह पिमोली कुनी पार्था, प्रदुमन शाह ग्वालदम, हरीश जोशी ग्वालदम, कुंदन परिहार ग्वालदम ने हर घर जल हर घर नल मे पानी की किल्लत का मुद्दा उठाया वही एडीएम विवेक प्रकाश में अधिकतर शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। इस दौरान जनपद स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी। तहसील दिवस में उप जिलाअधिकारी पंकज भट्ट, तहसीलदार अक्षय पंकज, थाना अध्यक्ष पंकज कुमार,सहायक खंड विकास अधिकारी कमल किशोर चमियाल आदि मौजूद रहे।

## आउटर बॉक्स व शराब के लेबल छापने वाला गिरफ्तार

**देहरादून।** प्रतिष्ठित दवाई कम्पनियों के नकली क्यूआर कोड, आउटर बॉक्स एवं शराब के लेबल दून की प्रिन्टिंग प्रेस से छपवाने के मामले में एसटीएफ ने एक को गिरफ्तार कर लिया है। आज यहां विभिन्न माध्यमो से प्रतिष्ठित दवाई कम्पनियों के नकली क्यूआर कोड एंव आउटर बॉक्स छापने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, साथ ही इन नकली प्रिन्टेड आउटर बॉक्स के अन्दर नकली दवाईयों को पैक कर विभिन्न राज्यों में विक्रय किय जा रहा है, जिनसे आम जनमानस का जीवन संकट उत्पन्न होने का खतरा है, जो अत्यंत गम्भीर प्रकरण है। जिसकी रोकथाम व धरपकड हेतु पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा एसटीएफ को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए थे। जिसके अनुक्रम में एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा अपनी टीमों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि इन नकली लेवल छापने वालों की कुंडली तैयार कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## एसएसपी नैनीताल के सख्त सत्यापन के दौरान उजागर हुई दस्तावेजी धोखाधड़ी

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोतवाली मल्लीताल, नैनीताल में दिनांक 14ध्05ध्2025 को अमित लाल शाह पुत्र सुंदर लाल शाह, निवासी मकान नंबर 21, बड़ा बाजार, मल्लीताल, नैनीताल द्वारा एक लिखित तहरीर दी गई, जिसमें उन्होंने यह उल्लेख किया कि उनके पैतृक निवास स्थान मकान नंबर 21 बड़ा बाजार, मल्लीताल पर 'किसी अज्ञात व्यक्ति का आधार कार्ड' बना हुआ है, जबकि उक्त व्यक्ति या उसके परिवार से उनका कोई संबंध नहीं है, न ही कभी उक्त स्थान पर उनके निवास की अनुमति दी गई है। तहरीर में उल्लिखित नाम 'अब्दुल अलीम खान पुत्र मोहम्मद सईद खान का आधार कार्ड संदिग्ध' पाया गया, जिसमें शिकायतकर्ता के पते का उपयोग किया गया था। 'मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल' द्वारा 'जांच अधिकारी उपनिरीक्षक दीपक कार्की को गहनता से जांच कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश' दिए गए। वर्ष '2015 से लेकर वर्तमान तक', अब्दुल अलीम खान व उनके परिजनों द्वारा उपरोक्त पते का प्रयोग करते हुए आधार कार्ड बनवाए गए, तथा इन 'फर्जी पते वाले दस्तावेजों का उपयोग विभिन्न सरकारी एवं गैर–सरकारी कार्यों में किया गया।' उक्त प्रकरण में दिनाँक–02ध्06ध्2025 को 'भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी)' के अंतर्गत थाना मल्लीताल पर 'मु0अ0सं0 28ध्2025' के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## डीएम ने जोशीमठ में सुरक्षा कार्यों को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जोशीमठ में आपदा सुरक्षा कार्यों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने रेखीय विभागों की बैठक ली। इस दौरान सुरक्षा कार्यों और भूमि अधिग्रहण को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बैठक के दौरान लोनिवि, जल संस्थान और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि निर्माण कार्य से एक–दूसरे विभागीय कार्य प्रभावित न हों। वहीं इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी को नगर के प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा कार्य को लेकर किए संयुक्त निरीक्षण की जानकारी लेते हुए शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। साथ सुरक्षा कार्यों को लेकर स्थानीय प्रभावितों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी निर्माण कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को सुरक्षा कार्य को लेकर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृत योजना के अनुसार शीघ्र जोशीमठ नगर में सुरक्षा कार्य शुरू किए जा सकें।

इस मौके पर लोनिवि के अधिशासी अभियंता नवीन ध्यानी, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद नेगी, आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी मौजूद थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा अभिषेक त्रिपाठी व उप जिलाधिकारी जोशीमठ चंद्रशेखर वशिष्ठ ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

## जन सुविधा कल्याण शिविर में दर्जनों लाभार्थियों ने उठाया लाभ

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिन्दुखत्ता में आयोजित जन सुविधा कल्याण शिविर में दर्जनों लाभार्थियों ने वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन के फॉर्म भरने साथ–साथ स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विधायक मोहन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में ष्जन सुविधा कल्याण शिविरष का आयोजन जनता इंटर कॉलेज बिंदुखत्ता में किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, आधार कार्ड, पंचायतीराज विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर



में 20 आवेदन वृद्धावस्था पेंशन, 15 आवेदन विधवा पेंशन, 10 आवेदन पत्र दिव्यांग पेंशन के प्राप्त हुए, जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग के 15 आवेदन सौंप गए हैं, एवं 25 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से 40 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईयां प्राप्त की, 36 लोगों ने आधार कार्ड में सुधार एवं आवेदन किया।



## खनन व्यवसाईयों ने सुंदरकांड पाठ कर किया विशाल भंडारा

**लालकुआं।** गौला निकासी गेट लालकुआं में खनन व्यवसाईयों एवं वाहन स्वामियों ने अगले वर्ष अच्छी मात्रा में नदी में खनन सामग्री आने की कामना एवं इस वर्ष का खनन कार्य ठीक प्रकार संपन्न होने पर संगीतमय सुंदर कांड पाठ के साथ–साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। लालकुआं गौला निकासी गेट पर एकत्रित 800 से अधिक वाहन स्वामियों एवं खनन व्यवसाईयों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि अगले खनन सत्र में गौला नदी में प्रचुर मात्रा में खनन सामग्री आ जाए।

04 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 9:09 AM Page 7



# शौर्य महोत्सव चेपड़ो का 6 जून को मुख्यमंत्री धामी करेंगे शुभारम्भ, चार जून को किया जाएगा भूमि पूजन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)** शौर्य महोत्सव 2025 का आगाज 6 जून को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड द्वारा शहीद स्मारक पर रीत चढ़ाने के साथ किया जाएगा।

शौर्य महोत्सव के संयोजक दिगपाल सिंह गड़िया ने जानकारी देते हुए बताया 4 जून को मेला स्थल शहिद भवानी दत्त स्मारक इंटर कॉलेज चेपडो में समस्त ग्राम पंचायत द्वारा हवन व भूमि पूजन किया जाएगा। इसी दिन मेला स्थल में 11 बजे प्रेस कांफ्रेंस भी की जाएगी। जिसमें सभी पत्रकार बंधुओ को आमंत्रित किया गया है। समस्त मेला कमेटी द्वारा मेले की तैयारी की जा रही है। जिलाधिकारी चमोली द्वारा सभी विभागों को मेले में सहयोग करने एवं स्टॉल प्रदशनी हेतु आदेश जारी किये गये हैं। मेले में कारगिल शहीदों के परिजनों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही वीर नारियों , स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, आजाद हिंद फौज के आश्रितों के परिजनों को भी सम्मानित किया जायेगा। और क्षेत्र के विशिष्ट ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में महिला मंगल दलों द्वारा पारंपरिक संस्कृति , पहाड़ी व्यंजनों की रसोई , हस्तकला , आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध कलाकारों हेमा नेगी, माया उपाध्याय, सौरभ मैठाणी, उप्रेती सिस्टर, मृणाल रतूणी, दिनेश नेगी, गबरू भाई आदि द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। स्थानीय काश्तकारों , स्वयं सहायता समूहों द्वारा भी अपनी सहभागिता रहेगी। शौर्य महोत्सव को दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु स्थानीय महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों, भूतपूर्व सैनिकों ,विद्यालयी छात्रों द्वारा तिरंगा रैली के आयोजन के साथ ही अपनी पूर्ण सहभागिता प्रस्तुत की जाएगी।



गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर लैंसडाउन से बिग्रेडिएर विनोद नेगी ,एस एस बी ग्वालदम के उप निदेशक डी एन भाम्भे , गढ़वाल स्काउट जोशीमठ, 9जी गढ़वाल राइफल , सैनिक कल्याण बोर्ड चमोली आदि द्वारा शहीद स्मारक पर रीत चढ़ाने के साथ ही आर्मी बेंड द्वारा शहीद स्मारक पर सलामी दी जाएगी। स्थानीय स्तर पर मेले को लेकर समस्त जनप्रतिनिधियों , महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों, व्यापरियो, भूतपूर्व सैनिकों बुजुर्गों व बच्चों में जबरदस्त उत्साह का वातावरण बना है। मेला अध्यक्ष बीरू जोशी, संरक्षक कर्नल ईश्वर फर्सवाण, व्यवस्थापक देवी जोशी, सचिव देवेन्द्र सिंह रावत, सयोजक दिग्पाल सिंह गड़िया, उपाध्यक्ष विकास जोशी, संकृति सचिव भरत शाह ,महिला मंगल दल अध्यक्ष नीलू शाह ,के साथ ही समस्त ग्रामीण मेले की तैयारियों में लगे है।

## अमेजन फैशन की वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल 4 जून तक

**देहरादून।** अमेजन फैशन ने अपनी 16वीं वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल (डब्ल्यूआरएस) की घोषणा की, जो 4 जून तक चलेगी। 4 लाख से अधिक स्टाइल के सबसे विस्तृत ब्रांड पोर्टफोलियो वाली इस सेल में अब कैरेटलेन, गैप, वाइल्डक्राफ्ट आदि जैसे 20 से ज्यादा ब्रांड्स और चयन को रणनीनिक रूप से जोड़ा गया है, और एक्सक्लूसिव नए प्रीमियम डेस्टिनेशन द प्रीमियम एडिट के साथ रीब्रांडेड जेन जेड डेस्टिनेशन सर्व को पेश किया गया है। यह संस्करण बेहतरीन मूल्य और शीर्ष ब्रांड्स को एक साथ लाता है, ग्राहकों को अमेजन की हॉलमार्क सुविधा, भरोसा और डिलीवरी स्पीड के साथ अभूतपूर्व चयन की पेशकश करता है। निखिल सिन्हा, डायरेक्टर, अमेजन फैशन इंडिया ने कहा, "अमेजन फैशन में, हम आपके लिए ब्रांड्स, ट्रेंडिंग स्टाइल और रोमांचक नए लॉन्च का एक व्याक संग्रह लेकर आए हैं, वो भी अमेजन के भरोसे और सुविधा के साथ बहुत अच्छी कीमत पर।

## शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से 50 लाख किये जाने का जारी हुआ शासनादेश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किये जाने की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन से संबंधित शासनादेश सोमवार को जारी कर दिया गया है।

सैनिक कल्याण अनुभाग के स्तर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में यह धनराशि शहीद आश्रितों को 26 जुलाई, 2024 से अनुमन्य की जायेगी। इस प्रकार प्रदेश में अब शहीद सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख की अनुग्रह राशि अनुमन्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ वीर भूमि भी है। हमारे वीर जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों के हित में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए किया गया है। सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी राशि में भी वृद्धि की गई है।

## ओलंपस हाई उत्तराखंड के टॉप 5 प्रॉमिसिंग स्कूलों में शामिल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ओलंपस हाई स्कूल को प्रतिष्ठित न्यू एज एजुकेशन समिट 2025 में उत्तराखंड के टॉप 5 प्रॉमिसिंग स्कूलों में सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रगतिशील शिक्षाशैली और समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को फिर से साबित करता है। पुरस्कार डिप्टी कमिश्नर जीएसटी मोहम्मद पाशा और अतिरिक्त निदेशक, आयकर विभाग, सौम्या वी द्वारा ओलंपस हाई की निदेशक डॉ. अनुराधा पुंडीर मल्ला को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार देशभर के प्रमुख शिक्षाविदों और संस्थानों की मौजूदगी में प्रदान किया गया, जहां ओलंपस हाई ने अपने नवाचारपूर्ण पाठ्यक्रम, समावेशी शिक्षण वातावरण और भविष्य–उन्मुख दृष्टिकोण के लिए खास पहचान बनाई। यह सम्मान



स्कूल के रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने के सतत प्रयासों की सराहना करता है। ओलंपस हाई की डायरेक्टर डॉ. अनुराधा पुंडीर मल्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह पुरस्कार हमारी उस अटूट आस्था का प्रमाण है, जिसके तहत हम सहानुभूति, साहस और जिज्ञासा के साथ युवा मनों को निखारने के लिए समर्पित हैं। ओलंपस हाई में हम एक प्रगतिशील और विद्यार्थी–केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से जिम्मेदार वैश्विक नागरिक तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उन्होंने आगे कहा, "ओलंपस हाई उत्तराखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है, और इसका श्रेय हमारे मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कुनाल शमशेर मल्ला की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और प्रिंसिपल डॉ. ज्योति गुप्ता के शैक्षणिक मार्गदर्शन को जाता है।

# मसूरी में बिना पूर्व सूचना के हटाई गई सुरक्षा, ऋषि आश्रम के महंत ने लगाया आरोप

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऋषि आश्रम के महंत स्वामी भगवान सिंह ने कहा कि उनको बिना बताये दो दिन पूर्व उनकी सुरक्षा हटा दी गयी है जिससे वह काफी भयभीत हैं।

मंगलवार को ओल्ड मसूरी रोड स्थित आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी भगवान सिंह ने बताया कि वह ऋषि आश्रम का सहस्वामी हैं उक्त सम्पत्ति में उनके साथ स्वामी जगदीश हरि भी सहस्वामी हैं उक्त सम्पत्ति मूल रूप से जगदीश हरी, अवतार हरी, अमरजीत हरि द्वारा वर्ष 1967 में खरीदी की गयी थी। अवतार हरी का देहान्त वर्ष



पत्रकार वार्ता करते हुए महंत।

2001 में हो गया था व तत्पश्चात उनका हिस्सा जगदीश हरी व अवतार हरी को प्राप्त हुआ था। अमरजीत हरि का देहान्त वर्ष 2009 में हो गया था। उनके देहान्त के उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनका हिस्सा उनकी अंतिम वसीयत के आधार पर उनको प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सरकार के एक दर्जाधारी मंत्री जगदीश हरी के साथ मिलकर उनकी सम्पत्ति हड़पने के दृष्टिगत उसको सम्पत्ति को खाली करने हेतु धमकाया जा रहा है। उसके द्वारा निरन्तर पुलिस के उच्च अधिकारियों व शासन प्रशासन में शिकायत कर उचित कार्यवाही करने तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गुहार लगायी गयी थी परन्तु उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा अपने प्रभाव का प्रयोग करते हुए उसके विरुद्ध एक झूठा मुकदमा थाना राजपुर में दर्ज कराया गया। तथा सम्पत्ति रिक्त न करने के कारण उसपर कई अन्य मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जाने लगी। स्वामी भगवान सिंह ने बताया कि उनके द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु याचिका समर्पित की गयी जिसमें 13 मई को शासकीय अधिवक्ता द्वारा उनको अंतरिम सुरक्षा प्रदान किये जाने की अण्डरटेकिंग दी गयी। उसके द्वारा एसएसपी के समक्ष 29 मई को सुरक्षा प्रदान करने हेतु आवेदन दिया गया था जिस पर उनके द्वारा थाना राजपुर को उसको निजी सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

04 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 9:09 AM Page 8



# राजभवन नैनीताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजभवन नैनीताल में एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं देखभाल सुनिश्चित करना था।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं रोगियों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगों से भी संवाद कर उनके अनुभव जाने और चिकित्सकीय व्यवस्था की सराहना की। शिविर में बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 172 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न चिकित्सा विभागों जैसे नेत्र रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा तथा हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक) के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किए। शिविर में ईसीजी सहित विभिन्न परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ''स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही अच्छे जीवन की आधारशिला है। राजभवन परिवार का उत्तम स्वास्थ्य मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब कार्मिक एवं उनके परिजन स्वस्थ होंगे, तभी वे पूरी क्षमता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।''



स्वास्थ्य परीक्षण करने वाली टीम से बातचीत करते राज्यपाल।

राज्यपाल ने शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी विशेषज्ञता एवं समर्पण से राजभवन परिवार को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, राजभवन के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एन. एस. गुंज्याल, सीएमओ डॉ. हरीश चंद पंत, पीएमएस डॉ. तरुण टम्टा, फिजिशियन डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि गुप्ता, सर्जन डॉ. बी के मिश्रा, पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, नेत्र शल्यक डॉ. स्नेही कन्याल, मनोचिकित्सक डॉ. गरिमा कांडपाल एवं कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुधांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड का पहला साइंस रेडियो स्टेशन तैयार

**देहरादून।** रेडियो सुनने के शौकीन जैसे ही अपने रेडियोसेट पर 88.8 मेगाहर्ट्ज पर ट्यून करेंगे तो वैज्ञानिक आपसे रूबरू होंगे।

वैज्ञानिक आपको न केवल मौसम से संबंधित सभी जानकारियां देंगे बल्कि उनके आविष्कार जनता और समाज के लिए किस तरह से कारगर हैं, ये भी बताएंगे। जी हां, देहरादून के उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) में शुरू होने जा रहा है प्रदेश का पहला साइंस रेडियो स्टेशन।

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड (बेसिल) ने यूकॉस्ट में राज्य का पहला साइंस कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन तैयार कर दिया है। बेसिल की टीम ने शनिवार को पहली बार इसका ट्रायल किया, जो सफल रहा।



## सीबीआरओए की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सीबीआरओए की त्रैमासिक बैठक हाल ही में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्रीय गतिविधियों पर चर्चा की गई और विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में दो सम्मानित सदस्यों की 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। संगठन ने उनके सुखी जीवन, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। बैठक में हाल ही में हुब्बली में आयोजित सीसीएम के बारे में भी चर्चा की गई, जहां क्षेत्रीय गतिविधियों पर चर्चा की गई और सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।

संगठन ने पेंशन अद्यतन और बीमा मामलों पर भी चर्चा की और सदस्यों को नियमित अपडेट प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## अंकिता को मिले न्याय को पचा नही पा रही कांग्रेसः चौहान

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी को मिले न्याय को पचा नही पा रही है और पहले भी मुद्दे पर मुँह की खाकर फिर से राजनीति करने की असफल कोशिश कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर टिप्पणी करते हुए चौहान ने कहा कि देश की राजधानी ही नही, बल्कि भारत भ्रमण कर भी कांग्रेस कितना ही दुष्प्रचार क्यों न करे, लेकिन अदालत ने तथ्यों के आधार पर जो निर्णय दिया है उसे राज्य की जनता ने स्वीकार किया है। चौहान ने कहा कि पहले जांच को लेकर तमाम झूठी दलीलें देकर कांग्रेस अंकिता के परिजनों और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें करते रहे।

## न्यूज डायरी

### मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की



**चमोली।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने सोमवार को पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी गतिमान कार्यों की प्रगति फोटो ग्राफ्स सहित उपलब्ध कराने, सड़क के निचली साइड में क्रैश बैरियर को लेकर प्लांटेशन करने के निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई को रजिस्ट्री में आ रही समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी से सम्पर्क करने के साथ ही प्रतिकर भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमजीएसवाई को ऐसे सड़क विहीन क्षेत्रों को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जहां एक किमी सड़क की आवश्यकता है। ताकि उस ग्राम को मेरा गांव मेरी सड़क से जोडा जा सके। इस दौरान जिला विकास अधिकारी केके पन्त सहित पीएमजीएसवाई के सभी डिवीजनों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा 02 जून से 26 जून तक जनपद में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जनसाधारण को जागरूक करना है।

मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई।




इस दौरान पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, प्रभागीय वनाधिकारी तरुण एस, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, सीएमओ अभिषेक गुप्ता व समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

## पेज 01 का शेष...

### शॉर्टकट कामयाबी को शॉर्ट करताः गडकरी

देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून इस राज्य में बनाया गया है और 23 हजार युवाओं को पारदर्शिता के साथ सरकारी विभागों में नियुक्तियां दी गई हैं। श्री धामी ने बड़ी संख्या में वर्ल्ड क्लास हाईवे, ग्रीन कारिडोर बनाने का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को आधुनिक भारत का विश्वकर्मा बताया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में श्री गडकरी ने पर्वतों में बेहतरीन सड़कों के जरिये पूरे देश से जोड़कर देवभूमि की जनता का दिल जीत लिया है। श्री धामी ने कहा कि जिस संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता, वह सही मायने में संकल्प होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राफिक एरा शिक्षा ही नहीं, सामाजिक कार्यों में भी आगे है। इसके लिए उन्होंने डॉ कमल घनशाला को बधाई दी। राज्य के शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जितना समय हैलीकॉप्टर से दिल्ली से देहरादून आने में लगता है, एक्सप्रेस वे बनने के बाद उतने ही समय में सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकेगा। डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी एक विश्वविद्यालय की तरह हैं, उन्होंने जो बैंच मार्क स्थापित किये हैं, वे युवाओं के लिए सफलता के मंत्र की तरह हैं। उन्होंने डॉ कमल घनशाला के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल 29 हजार रुपये की पूंजी से कार्य शुरू करके आज ग्राफिक एरा को विश्व की टॉप यूनिवर्सिटी में एक बना दिया है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19